an>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Shravasti district, Uttar Pradesh −Laid.

डा. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): उत्तर प्रदेश का श्रावस्ती जिला एक सीमान्त जिला है, इसकी सीमाएं नेपाल से लगी हैं। यद्‌यपि यह स्थान पर्यटन के मानचित्र पर अपना एक विशिष्ट स्थान बनाए हुए है परन्तु विकास के मामले में यह अत्यंत पिछड़े जिलों में शामिल है। इसका एक अहम कारण अशिक्षा है। यही कारण है कि यहां साक्षरता का प्रतिशत काफी नीचे है। चूंकि साक्षरता ही क्षेत्र के विकास को ऊंचाइयों में ले जाने के लिएपहली सीढ़ी का कार्य करती है। इसलिए शिक्षा पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। अतः यहां एक केन्द्रीय विद्‌यालय खोला जाना परिहार्य है। यह स्थान ऐसे विद्‌यालय को खोले जाने की सभी अर्हताएं पूरा करता है। उदाहरण के लिए इस स्थान पर केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यालय व उनके उपक्रम स्थापित हैं। हजारों की संख्या में सशस्त्र सेना व अर्ध-सैन्य बलों के कर्मचारियों के परिवारों के अलावा बड़ी संख्या में इन संगठनों से सेवानिवृत्त कर्मी भी हैं।

अतः मैं सरकार से श्रावस्ती में एक केन्द्रीय विद्‌यालय खोले जाने की स्वीकृति देने के लिए आग्रह करता हूं।